






नवभारत 02
इंदौर, सोमवार, 24 नवंबर, 2025


## एक नजर में

### पशुपतिनाथ महादेव मेला में आज आशीष मराठा बॉलीवुड म्यूजिक नाईट्स कार्यक्रम होगा

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति प्रतिभा विक्रम भैरवे ने बताया कि आज दिनांक 24 नवम्बर, सोमवार को रात्रि 8.30 बजे से भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर मंदसौर के लोकप्रिय पार्श्वगायक जो कि देश के कई स्थानों पर अपने संगीत की प्रस्तुति दे चुके आशीष मराठा अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। आशीष मराठा बालीवुड म्यूजिक नाईट्स कार्यक्रम में अन्य कलाकार भी प्रस्तुति देंगे।

### कलेक्टर ने बीएलओ को दी बधाई



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन में जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत इलेक्ट्रोल फॉर्म (ईएफ) वितरण एवं डिजिटाइजेशन में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 10,53,641 में से 10,52,004 ईएफ वितरित किए गए, वहीं 7,03,835 ईएफ का डिजिटाइजेशन कर जिले ने 66.80 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की। विधानसभा-वार उपलब्धि के अनुसार मल्हारगढ़ 74.15 प्रतिशत के साथ प्रथम, गरोठ 68.87 प्रतिशत, सुवासरा 65.25 प्रतिशत तथा मंदसौर 59.56 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के साथ रहे। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की सराहना करते हुए शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### कैबिनेट मंत्री पटेल ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**मंदसौर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज मंदसौर स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद मंत्री पटेल ने तापेश्वर महादेव एवं सहस्त्र शिवलिंग मंदिर के भी दर्शन किए। इस दौरान लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### संगठन प्रभारी सुरेश आर्य बोले - कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पहुँचकर मतदाताओं को करें जागरूक



**मंदसौर।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में भाजपा द्वारा मंदसौर जिले की चारों विधानसभाओं—गरोठ, सीतामऊ, मंदसौर और मल्हारगढ़—में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर सम्मेलन आयोजित किए गए। गरोठ-सीतामऊ का सम्मेलन शामगढ़ में तथा मंदसौर-मल्हारगढ़ का सम्मेलन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा मंदसौर संभाग प्रभारी श्री सुरेश आर्य रहे। श्री आर्य ने कहा कि एसआईआर अभियान मतदाता सूची को शुद्ध व विश्वसनीय बनाने की प्रक्रिया है तथा इसे लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पहुँचकर पात्र मतदाताओं को जागरूक करने और उनकी सहायता करने का आह्वान किया। सम्मेलन को सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीप सिंह डंग, विधायक चंदरसिंह सिसौदिया तथा पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने एसआईआर अभियान को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का महत्वपूर्ण चरण बताया। कार्यक्रम में जिला, मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर के पदाधिकारी, बीएलओ, बीएलए-2 और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चारों सम्मेलनों में मतदाता सूची शुद्धिकरण को जन-अभियान के रूप में सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

### एनसीसी का 77वाँ स्थापना दिवस पर मंदसौर में विविध कार्यक्रम आयोजित




**मंदसौर।** 21 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी रतलाम के मार्गदर्शन में जिले की एनसीसी इकाइयों द्वारा आज एनसीसी का 77वाँ स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। ट्रूप नंबर 224 क्रमांक-2 विद्यालय, ट्रूप नंबर 156 उत्कृष्ट विद्यालय तथा 2/21 कंपनी राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय के कुल 345 कैडेटों ने कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रामादेवी गुर्जर, अध्यक्षता पूर्व जिला न्यायाधीश रघुवीर सिंह चुंडावत तथा विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला, पूर्व राज्य मंत्री अजय सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कैडेटों ने वात्सल्य धाम पहुँचकर बुजुर्गों से मुलाकात की, देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए तथा फल-बिस्किट वितरित किए। इसके पश्चात स्वच्छता रैली निकाली गई और नगरपालिका गार्डन में एनसीसी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने कैडेटों को अनुशासन, राष्ट्रसेवा, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रेरित किया। डॉ. आर.के. द्विवेदी ने कैडेटों को क्षय रोग निवारण में 'ब्रांड एंबेसडर' की भूमिका निभाने का आग्रह किया, जबकि श्री लोकेंद्र डाबी ने एनसीसी प्रमाणपत्रों के लाभ बताए। पूरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा कैडेटों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सिंह पुरावत और आभार उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार दवे ने व्यक्त किया।

# शिवना नदी मंदसौर की जीवनरेखा और पहचान, इसे स्वच्छ रखने आवश्यक हैं : विधायक

- रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान 72 वें दिन
- नदी से 1 ट्राली गाद व कचरा निकाला गया



**मंदसौर। शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान 72 वें दिन भी निरंतर जारी रहा। नदी का जलस्तर कम होने के बाद रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया, इस दौरान नदी में जमी गाद और कचरा बड़ी मात्रा में बाहर निकाला गया। इस सफाई कार्य में नगर के नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भागलिया।**

विधायक विपिन जैन के नेतृत्व मे निरंतर चल रहे इस सफाई अभियान के अवसर पर श्री जेन ने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जीवनरेखा और पहचान है, इसलिए इसे साफ और स्वच्छ रखने के लिए सतत प्रयास आवश्यक हैं। जैन ने बताया कि अब तक अभियान के परिणाम उत्साहजनक हैं और आने वाले दिनों में कार्य को और गति दी जाएगी। विधायक ने बताया कि आगामी दिनों में गाद हटाने और प्रदूषण रोकने के उपायों को और मजबूत किया जाएगा, ताकि शिवना नदी को पूरी तरह साफ और स्वच्छता के रूप में पुनर्जीवित किया जा सके । श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रात: 7 30 से 9:30 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे।

रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 72 वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, अभिषेक तिवारी, नमन पालीवाल, महिला नेत्रीयों में सोनाली जैन, अनीता भदोरिया, राखी सत्रावाला, प्रमिला पंवार कांग्रेसजन मे सर्वश्री संजय नाहर, अजय सोनी, महेश गुप्ता, राजेश फरक्या, सादिक गौरी, आमीन खान, अकरम खान, नितनेश बसेर, राकेश सेन, प्रिंस सत्रावाला, दीपक लाड़, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।



## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**सीतामऊ।** श्रीराम उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में 19 से 23 नवंबर तक आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डंग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, भोपाल, रीवा, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, सागर सहित विभिन्न संभागों के लगभग 220 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया।

**परिणाम:** बालक वर्ग में उज्जैन ने स्वर्ण, जबलपुर ने रजत तथा नर्मदापुरम ने कास्य पदक जीता। बालिका वर्ग में भोपाल प्रथम, ग्वालियर द्वितीय और इंदौर तृतीय स्थान पर रहे। समापन समारोह में श्री डंग ने खिलाड़ियों व आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि अहंकार से कभी प्रगति संभव नहीं, खेलों में समय और मानसिक संतुलन अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खेल ग्राउंड पर नेट लगाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा, जिला खेल अधिकारी बारीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। विभिन्न स्कूलों और टीम मैनेजरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्राचार्य अशोक रत्नावत तथा आभार राजीव त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

## पशुपतिनाथ मेला परिसर में जुआ खेलते 9 जुआरी गिरफ्तार

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं एएसपी तेज सिंह बघेल व सीएसपी जितेन्द्र भास्कर के मार्गदर्शन में थाना नई आबादी प्रभारी उनि बापुसिंह बामनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पशुपतिनाथ मेला परिसर स्थित झूला बाजार के पीछे नदी किनारे जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके से ?8,220 नकद व घोड़ी दाने जप्त किए। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी: आदिल, नारायण सोनी, सेहजाद मंसुरी, फिरोज शेख, इरफान हुसैन, विशाल परिहार, सद्दाम खान, हितेन्द्र चौहान और जगदीश साँखला — सभी मंदसौर क्षेत्र के निवासी।कार्रवाई में थाना नई आबादी व कोतवाली पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## भजनों की बहार के साथ भगवान जगन्नाथ की महाआरती

- जीर्णोद्धार कार्य सतत जारी

**मन्दसौर। जैसे जैसे भक्तों को पता चल रहा है कि पुरी ( उड़ीसा ) के बाद हमारे मन्दसौर में ही शिवना नदी तट पर भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के सामने ही 500 वर्षों से अधिक प्राचीन मनोहारी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी के काष्ठ के आकर्षक विग्रह विराजित हैं वैसे वैसे भक्तजन अपने प्रभु के दर्शनों के लिए आतुर हो रहे हैं।**



भगवान जगन्नाथजी की प्रतिमाह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को होने वाली महाआरती इस माह 22 नवम्बर शनिवार को हुई। भक्त पंकज अग्रवाल की ओर से प्रसाद व भक्त किशोरकुमार बिजनी की ओर से श्रृंगार किया गया। जितेंद्र रामावत, विश्वनाथ गढ़िया, दीपेश भटनागर द्वारा गए गए भजनों ने भक्ति आनंद की वर्षा की।

जीर्णोद्धार कार्य लगातार समाजसेवी अनिल गुप्ता, बालकृष्ण दवे, योगेश गुप्ता, पूर्व हाईकोर्ट न्यायाधीश गिरिराजदास सक्सेना, ललित खेमानी, संजीव त्रिवेदी, नंदलाल परमार आदि के मार्गदर्शन व सहयोग से निरंतर जारी है।

महाआरती के मुख्य अतिथि महाराज रामकिशोरदासजी (तीन छतरी बालाजी), अरविंद सारस्वत (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), अरुण शर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, सर्व ब्राह्मण समाज), राजेश कुलश्रेष्ठ (वरिष्ठ पत्रकार), ललित खेमानी (समाजसेवी) थे।

महाआरती में श्रीमती ज्योति खेमानी, संध्या पंचारिया, बाबूलाल शर्मा, इंजी. दिलीप जोशी, मदन तिवारी, जुगल किशोर भावसार, सुरेशकुमार शर्मा, इंजी. सुनील व्यास, अभिमन्युसिंह मंडलोई, डॉ. प्रवीण मंडलोई, रमेश शुक्ल, राजेंद्र परमार आदि अनेक महिला व पुरुष भक्तजनों ने अपने हाथों से आरती उतार कर पुण्य लाभ लिया।

## भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला में कवि सम्मेलन का आयोजन

- देश के ख्याति प्राप्त कवियों ने किया अपनी रचनाओं का पाठ, श्रोताओं ने खूब सराहा



**मंदसौर।** 63वें भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला में शनिवार की रात्रि को नपा परिषद के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। रात्रि 9.30 बजे से देर रात्रि तक आयोजित हुए इस कवि सम्मेलन को श्रवण करने के लिये बड़ी संख्या में श्रोतागण मेला के सांस्कृति मंच पर पहुंचे और उन्होंने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

इस कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कविगण सर्वश्री जगदीश सौलंकी, बुद्धिप्रकाश दाधिच, जानी बैरागी, मदनमोहन समर, दीपक पारिख भीलवाड़ा, श्वेतासिंह (गौरखपुर उ.प्र.), पंकज प्रसुन्न (माण्डव म.प्र.), गोपाल धुरंधर (नीमच), राम भदावर, एवं मुन्ना बेटरी (मंदसौर- कवि सम्मेलन सूत्रधार) ने कविता पाठ किया। पधारे हुए इन सभी कविगणों एवं अतिथिगणों का स्वागत नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता चावला, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे एवं मेला समिति सदस्यों एवं पार्षदां ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भजपा मंदसौर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर, नानालाल अटोलिया, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अजयसिंह चौहान, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत, महामंत्री बंशी राठौर, भागवताचार्य पं. दशरथभाईजी, पं. विष्णु शर्मा, आध्यात्मिक गुरू पं. शिवकरण प्रधान, विहिप के डॉ. प्रवीण मण्डलोई, हेमंत बुलचंदानी, कन्हैयालाल सोनगरा, रूपनारायण मोदी, शंकर शर्मा, अमरदीप कुमावत, महिला नेत्री रमा माथुर, प्रीति रोखले शामिल हुए। इन सभी अतिथियों का भी स्वागत किया गया। पहली बार मंदसौर पधारे सुरेश आर्य का राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने साफा बांधकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए बुद्धिप्रकाश दाधिच ने अपनी चिर परिचित अंदाज में सभी कवियों का परिचय कराते हुए खुब हसाया। कवित्री श्वेतासिंह ने मॉ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। गोपाल धुरंधर ने मालवी भाषा में लाकडाउन के फायदे गिनाते हुए हास्य व्यंग किया "लाकडाउन में मूंह पर मास्क लगाने से दांतलिये (जिन के दात होठ से बाहर हो) ने भी पनी गया (शादी हो गई), गौरव चौहान ने वीर रस की ऐसी कविताये पड़ी कि श्रोताओं का रक्त संचार (जोश) बड़ गया। मुन्ना बेटरी ने भी हास्य व्यंगों से खुब गुदगुदाया। कवि सम्मेलन के स्वागत का संचालन नरेन्द्र त्रिवेदी ने किया।



## राष्ट्रीय भगवा सेना की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर दिया

**सीतामऊ।** रविवार को रतनागढ़ हनुमान मंदिर पर राष्ट्रीय भगवा सेना की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष नाहरसिंह सिसोदिया ने बताया कि गांव-गांव में संगठन को मजबूत बनाने हेतु समितियों का गठन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह एक गैर-राजनीतिक संगठन है, जो हिंदुत्व और गौमाता संरक्षण के लिए कार्यरत है। हमारे प्रेरणास्त्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप हैं। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाना है।

बैठक में समर सेन, रितेश शर्मा, कमल सिंह चौहान, बद्री दांगी, मधुसूदन जाट, मागूसिंह राजनगर, मोहनसिंह पतलासी, मागूसिंह पोटलिया, समरथ, रतन केसरपुरा, जितेंद्र सिंह चौहान, सुनील बैरागी, सोनू गोस्वामी, अनिल लोहार, विनोद मेहर, समरथ मालवी, ईश्वर रलायता, दिनेश गोस्वामी, कुंदन सिंह देवड़ा, दिनेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## एसआईआर में 100% उपलब्धि : कलेक्टर ने मल्हारगढ़ के 6 बीएलओ को किया सम्मानित

**मंदसौर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ड्डक्र) के अंतर्गत मल्हारगढ़ विधानसभा में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले छह मतदान केंद्रों के बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अदिति गर्ग ने सम्मानित किया। कलेक्टर ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए बीएलओ की प्रशंसा करते हुए इसे जिले के लिए गौरव बताया।

सम्मानित बीएलओ में सीमाबाई (बाकरोल), ग्यारसी बाई (दोबड़ा), ललिता गुर्जर (रूपावली), रामचंद्र लोहार (रिंडा), मंजू रावत (अरनिया मीणा) एवं रूपावली केंद्र के बीएलओ शामिल हैं।

कलेक्टर ने शेष बीएलओ से अपील की कि वे भी मतदाता सूची सत्यापन और सुधार कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरी निष्ठा से पूर्ण करें, क्योंकि एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण है।

**एक नजर** — मारू परिवार का आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य

## माधवम् हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ, मुख्यमंत्री ने वर्चुअल बधाई दी

**मनासा।** नगर व क्षेत्र के मरीजों को उन्नत और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मारू परिवार द्वारा स्थापित माधवम् हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ रविवार को किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने फीता काटकर अस्पताल का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल संदेश के माध्यम से मारू परिवार को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मनासा में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की यह बड़ी सौगात है।

मंच पर राज्यसभा सांसद एवं किसान नेता बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक ओम प्रकाश सखलेचा, दिलीप सिंह परिहार, हरदीप सिंह डंक, चंदर सिंह सिसोदिया, मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, नीमच भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वे इस समारोह में उपमुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि मारू परिवार के सदस्य के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा— 'चिकित्सा के क्षेत्र में मरीज परमात्मा के बाद डॉक्टर को ही याद करता है। एक सफल चिकित्सक और उसकी टीम अपने मधुर व्यवहार से मरीज का आधा कष्ट स्वत: कम कर देती है।' उन्होंने डॉ. सर्वेश मारू से अपेक्षा जताई कि वे अपने व्यवहार और सेवा के माध्यम से मरीजों का भरोसा जीतें और मनासा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उपचार की नई पहचान स्थापित करें।



### 'मूल की ओर लौटना आसान नहीं' – मंत्री प्रहलाद पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आज के समय में अपने मूल स्थान की ओर लौटना कठिन है, परंतु जो परोपकारी होता है वह अवश्य लौटता है। उन्होंने कहा— 'माधव मारू ने अपने बेटे को ऐसे संस्कार दिए कि वह महानगर छोड़ अपने मूल स्थान लौटा और अपने पिता स्व. रामेश्वर मारू के सपने को पूरा करने आगे आया है।'

**राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने निर्णय को बताया सराहनीय**– राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने डॉ. सर्वेश मारू दंपति द्वारा महानगर छोड़कर मनासा जैसे छोटे नगर में सेवा देने के निर्णय को 'सराहनीय और स्वागत योग्य' बताया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।

**नवीन चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित हॉस्पिटल**–विधायक माधव मारू ने स्वागत भाषण में अस्पताल में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह अस्पताल क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। डॉ. राधिका मारू ने अपने परिवार के पूर्वजों के आशीर्वाद को सुंदर कविता के रूप में अभिव्यक्त किया।